32 एकड़ में बनेगा अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर, क्षमता 10 हजार

सीएम ने दी मंजूरी, डिफेंस एक्सपो ग्राउंड के पास होगा निर्माण

अमर उजाला ब्यूरो

एलडीए व आवास विकास मिलकर बनाएंगे, दो वर्ष में होगा तैयार

लखनऊ। वृंदावन योजना में डिफेंस एक्सपो ग्राउंड के पास अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर का निर्माण होगा। 32 एकड़ में बनने वाले इस भव्य सेंटर की क्षमता 10 हजार लोगों की होगी। इसमें प्रदर्शनी स्थल भी बनाया जाएगा। इससे लखनऊ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के बड़े कार्यक्रमों की अच्छे से मेजबानी कर सकेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसके लिए सैद्धांतिक सहमति दे दी है। साथ ही इसे दो वर्ष में तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम और ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर की तर्ज पर लखनऊ में अंतरराष्ट्रीय स्तर के एक ऐसे केंद्र की जरूरत लंबे समय से थी, जहां बड़े आयोजन कराए जा सकें। प्रदेश के उत्पादों की ग्लोबल ब्रांडिंग हो सके और जो कारोबार की भी गति बढ़ाएं।

इसके लिए सीएम ने बुधवार को शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन और प्रदर्शनी स्थल के स्वरूप, निर्माण प्रक्रिया, लागत आदि विषयों पर विमर्श किया। इस सेंटर का निर्माण आवास विकास और लखनऊ विकास प्राधिकरण मिलकर करेंगे। राज्य सरकार भी इसमें वित्तीय सहयोग करेगी। >> कन्वेंशन सेंटर में बनेगा ओपन थियेटर : पेज 5

भवन में दिखेगी भारतीय संस्कृति की झलक

सीएम ने कहा कि कन्वेंशन सेंटर बहुपयोगी हो। इसमें बड़े सांस्कृतिक, राजनीतिक, राजकीय, धार्मिक समारोह, गीत-संगीत के कंसर्ट पूरी भव्यता के साथ कराए जा सकें। अधिकारियों ने बताया कि यह सेंटर सभी प्रकार के मेलों और प्रदर्शनियों की मेजबानी करने में भी सक्षम होगा। सीएम ने कहा कि भवन की वास्तुकला में भारतीय संस्कृति की झलक दिखे, साथ ही जल व ऊर्जा संरक्षण में नजीर बन सके। सीएम ने कहा कि कन्वेंशन सेंटर में प्रदेश के एक जिला एक उत्पाद, विशिष्ट खान-पान, लोककला, लोकसंगीत का प्रदर्शन भी किया जाएगा।